आकाशवाणी शिमला
07.08.2024 / प्रादेशिक समाचार / 18.00 बजे

तलाशी अभियान

प्रदेश के शिमला, मंडी और कुल्लू जिले में बादल फटने के बाद से लापता लोगों की तलाश के लिए सर्च अभियान लगातार जारी है। समेज में चल रहे सर्च ऑपेशन के 7वें दिन आज सुबह सैंज के समीप सतलुज नदी के किनारे एक और शव बरामद हुआ है। शिमला के उपायुक्त अनुपम कश्यप ने बताया कि महिला का ये शव पूरी तरह क्षत विक्षत है और शव को पोस्टमार्टम के लिए रामपुर अस्पताल भेज दिया गया है। साथ ही कुल्लू जिला प्रशासन को भी इस बारे में सूचना दे दी गई है। 31 जुलाई को प्रदेश के कुल्लू, मंडी और शिमला जिलों में बादल फटने की घटनाओं में अब तक कुल 22 लोगों के शव बरामद किए जा चुके हैं। इनमें समेज में 10, मंडी के राजबन में 9 और कुल्लू के मलाणा व बागीपुल में 3 शवों को बरामद किया गया है। मंडी के उपायुक्त अपूर्व देवगन ने बताया कि बादल फटने के कारण लापता 10 लोगों में से 9 को ढूंढ लिया गया है जबकि तेरंग हादसे में लापता एक व्यक्ति की तलाश लगातार जारी है। उन्होंने कहा कि लापता व्यक्ति को ढूंढने के लिए तलाशी अभियान का दायरा बढ़ा दिया गया है। उपायुक्त ने कहा कि प्रभावित परिवारों को गैस कनैक्शन, राशन, और मैडिकल किटें भी उपलब्ध करवा दी गई है। इसके अलावा सभी मृतकों के परिजनों को चार–चार लाख रूपए की सहायता राशि जारी की गई है।

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने प्रदेश में सौर ऊर्जा उत्पादन को बढ़ाने की आवश्यकता पर बल दिया है। शिमला में आज ऊर्जा विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ एक समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए उन्होंने कहा कि ऊना जिला के पेखुबेला में 32 मेगावाट की सौर ऊर्जा परियोजना स्थापित की गई है और कुटलैहड़ क्षेत्र में 10 मेगावाट जबकि गगरेट में 5 मेगावाट की सौर ऊर्जा परियोजनाएं निर्माणाधीन है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश आगामी छः महीने में लगभग 50 मेगावाट सौर ऊर्जा का दोहन सुनिश्चित करेगा। उन्होंने अधिकारियों को सौर ऊर्जा परियोजनाओं के कार्य में तेजी लाने और समयबद्ध पूर्ण करने के साथ–साथ नई परियोजनाओं के लिए स्थान चिन्हित करने के निर्देश दिए।

राज्यपाल

राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने कहा है कि शिक्षा बच्चों के व्यक्तित्व का निर्माण करती है और युवा देश का भविष्य निर्धारित करते हैं। शिमला में आज दैनिक समाचार पत्र द्वारा आयोजित शिमला के मेधावी' कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए उन्होंने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य अच्छे गुणों का सृजन कर बेहतर इंसान बनाना और बच्चों का लक्ष्य राष्ट्र का निर्माण होना चाहिए। राज्यपाल ने बच्चों को समय का सदुपयोग कर भविष्य की चुनौती के लिए तैयार रहने पर भी बल दिया।

उन्होंने अभिभावकों से आग्रह किया कि बच्चों के समग्र विकास के लिए उन्मुक्त वातावरण उपलब्ध करवाएं और उन्हें सही दिशा प्रदान कर उनका सर्वांगीण विकास सुनिश्चित करें। प्रदेश में नशे की बढ़ती हुई प्रवृति पर चिंता व्यक्त करते हुए राज्यपाल ने कहा कि अध्यापकों को युवाओं को इस बुराई से रोकने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए आगे आना चाहिए। उन्होंने मीडिया ग्रुप को बधाई देते हुए कहा कि इस प्रकार के सम्मान समारोह बच्चों को जीवन के लक्ष्य हासिल करने की प्रेरणा प्रदान करते हैं। इस अवसर पर शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने कहा कि वर्तमान प्रदेश सरकार बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए कृतसंकल्प है और शैक्षणिक अधोसंरचाना के सुदृढ़ीकरण पर भी विशेष बल दे रही है।

हर्षवर्धन

उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने कहा है कि प्रदेश सरकार 30 प्रतिशत भाग पर मेडिकल डिवाइस पार्क बनाएगी और बाकि जमीन को बाजार के दामों पर बेचकर ग्रीन इंडस्ट्री व जेनेरिक मेडिसिन को प्रोत्साहन दिया जाएगा। आज शिमला में उन्होंने कहा कि मेडिकल डिवाइस पार्क बनाने में पूर्व भाजपा सरकार ने हिमाचल के हितों की अनदेखी की। हर्षवर्धन चौहान ने कहा कि पूर्व सरकार ने एक रुपए प्रति मीटर पर जमीन व तीन रुपए प्रति यूनिट बिजली उपलब्ध कराने का करार किया था। प्रदेश को इससे लाभ नहीं होगा। प्रदेश के सीमांत क्षेत्रों में अवैध खनन को लेकर उद्योग मंत्री ने कहा कि सीमांत क्षेत्रों में अवैध खनन रोकने के लिए सरकार गंभीर है।

संजय रतन

ज्वालामुखी विधानसभा क्षेत्र से विधायक संजय रतन ने कहा है कि प्रदेश सरकार राज्य के हरित वन क्षेत्र को बढ़ाने की दिशा में अनेक पहल कर रही है। ज्वालामुखी क्षेत्र के सलिहार में आज वन महोत्सव कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करते हुए उन्होंने लोगों से अधिक से अधिक पौधे लगाने का आह्वान किया। संजय रतन ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण में पौध रोपण का विशेष महत्व है और वन मंडल देहरा में 3 सौ हैक्टेयर भूमि पर दो लाख 50 हजार पौधे लगाए जाएंगे।